Title : Need to enhance Central assistance for the promotion of Khadi Gramodyog in Chhattisgarh.

**श्री प्रदीप गांधी (राजनंदगांव) :** माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से लघु उद्योग मंत्री का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि छत्तीसगढ़ नया प्रदेश है, वन क्षेत्रों से आच्छादित है, 44 परसैंट वन क्षेत्र हैं, वहां खनिज सम्पदा है और वन उपज है। इसके आधार पर खादी ग्रामोद्योग की बहुत सी यूनिट्स लगायी जा सकती हैं और जिन के माध्यम से रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकते हैं। वर्ष 2002-03 में 1200 हितग्राहियों को मनी मार्जिन योजना के अन्तर्गत राशि उपलब्ध कराने का निर्णय पिछली बार लिया गया था लेकिन इस बार केन्द्र सरकार ने अपने बजट से छत्तीसगढ़ को केवल 300 हितग्राहियों का लक्ष्य दिया है। चूंकि छत्तीसगढ़ नया प्रदेश है, उद्योग लगाने की अपार संभावनाएं हैं, लघु उद्योगों के माध्यम से वर्तमान सरकार रोजगार के अवसर सृजित करना चाहती है लेकिन इस लक्ष्य की कमी के कारण पूरे छत्तीसगढ़ में लघु उद्योग के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को या उन नौजवानों को जो छोटी पूंजी के माध्यम से अपने रोजगार के अवसर सृजित करना चाहते हैं और स्थानीय संसाधनों का वैल्यू एडिशन करके दो पैसा कमाना चाहते हैं, सपोर्ट नहीं मिल रही है। उनको वह सपोर्ट मिलनी चाहिए। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जो 1200 का लक्ष्य था, वह लक्ष्य पुनः छत्तीसगढ़ को दिया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा बेरोजगारों को रोजगार मिलने के अवसर उपलब्ध हो सकें।

MR DEPUTY SPEAKER: Now the House stands adjourned till 11.00 a.m.tomorrow.

**18.37 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*

*on Friday, December, 9, 2005/Agrahayana 18, 1927 (Saka).*

----------